संख्या 20014/01/2023-रा.भा (का-2)

भारत सरकार

गृह मंत्रालय

राजभाषा विभाग

******

बी विंग, चतुर्थ तल, एन.डी.सी.सी-2 भवन,
जय सिंह रोड, नई दिल्ली-110001
दिनांक: 14/12/2023

कार्यालय ज्ञापन

विषय: केंद्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 45वीं बैठक के तीन चरणों का कार्यवृत।

संयुक्त सचिव, राजभाषा विभाग की अध्यक्षता में केंद्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 45वीं बैठक के तीनों चरणों का आयोजन दिनांक 16 से 18 अक्टूबर, 2023 को राजभाषा विभाग, नई दिल्ली में किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने हेतु सभी मंत्रालयों/विभागों के कार्यों की समीक्षा करना है। कॉलिक की 45वीं बैठक में सभी मंत्रालयों/विभागों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की, इस हेतु सभी का अभिनन्दन।

2. इस समीक्षा बैठक में सभी मंत्रालय/विभागों द्वारा प्रेषित तिमाही प्रगति रिपोर्ट में दी गई सूचनाओं की समीक्षा की गई, कमियों को चिन्हित किया गया, लक्ष्यों में आई कमियों पर चर्चा की गई तथा सुधार हेतु सभी के साथ विचारों को साझा किया गया। बैठक के कार्यवृत्त को राजभाषा विभाग की वेबसाइट www.rajbhasha.nic.in के 'अद्यतन सूचनाएं' लिंक पर देखा जा सकता है।

3. प्रत्येक मंत्रालय/विभाग की तिमाही प्रगति रिपोर्ट में पाई गई कमियां, राजभाषा हिंदी के उत्तरोत्तर कार्यान्वयन हेतु दिशा-निर्देश एवं मंत्रालयों/विभागों द्वारा दिए गए आश्वासनों पर 01 माह के अंदर अनुवर्ती कार्रवाई कर राजभाषा विभाग को सूचित करें।

(अनिल कुमार)
उप सचिव, भारत सरकार
दूरभाषा: 23438143

संलग्न: यथोपरि

प्रति:

1. केंद्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति से संबंधित मंत्रालय/विभाग के संयुक्त सचिव (प्रशा) (सूची सलंग्न)।
2. राजभाषा विभाग के सभी अधिकारी अनुभाग/डेस्क।

प्रतिलिपि सूचनार्थ:-

1. सचिव, राजभाषा विभाग के प्रधान सचिव।
2. संयुक्त सचिव, राजभाषा विभाग के प्रधान निजी सचिव।

भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग(का.2)
***

केंद्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 45वीं बैठक का कार्यवृत्त

राजभाषा विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष मंत्रालयों/विभागों में राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन की स्थिति की समीक्षा करने के लिए केंद्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कॉलिक) की बैठक का आयोजन किया जाता है। इस कड़ी में वर्ष 2022-23 की तिमाही प्रगति रिपोर्ट के आधार पर कॉलिक की 45वीं बैठक का आयोजन किया गया।

2. संयुक्त सचिव, राजभाषा विभाग डॉ. मीनाक्षी जौली की अध्यक्षता में केंद्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 45वीं बैठक 16, 17 तथा 18 अक्टूबर, 2023 को पूर्वाह्न 10.30-1.00 बजे सम्मेलन कक्ष, प्रथम तल, एनडीसीसी-2 भवन, जय सिंह रोड, नई दिल्ली में आयोजित की गई।

3. भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में राजभाषा के कार्यान्वयन से संबंधित विस्तृत चर्चा के लिए उक्त बैठक में 26, 26 तथा 27 मंत्रालयों/विभागों (**सूची अनुलग्नक 'क' पर**) के संयुक्त सचिवों एवं वरिष्ठ राजभाषा अधिकारियों को आमंत्रित किया गया। उपस्थित अधिकारियों/कार्मिकों की सूची **अनुलग्नक 'ख'** पर अवलोकनार्थ उपलब्ध है।

4. संयुक्त सचिव, राजभाषा विभाग ने बैठक में उपस्थित सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए अपने संबोधन में कहा कि केंद्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष में एक बैठक आयोजित की जाती है। इससे पहले सचिव, राजभाषा विभाग की अध्यक्षता में इस प्रकार की 44 बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं। **संयुक्त सचिव महोदया ने पुणे में आयोजित तृतीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में विभिन्न मंत्रालयों/विभागों से पधारे अधिकारियों का हार्दिक धन्यवाद किया तथा सभी अधिकारियों से भविष्य में भी सम्मेलनों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का अनुरोध किया।** आगे उन्होंने यह भी अवगत करवाया कि राजभाषा हिंदी के प्रयोग की जो स्थिति दिल्ली स्थित मंत्रालयों/विभागों में होनी चाहिए, उतनी अभी नहीं हुई है। इस संबंध में संयुक्त सचिव महोदया ने अनुच्छेद 343 तथा 351 का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि हम सबको इस दिशा में मिलकर सार्थक प्रयास करने हैं।

अनिल कुमार

(I) साथ ही संयुक्त सचिव महोदया ने मंत्रालयों/विभागों के प्रतिनिधियों को सूचित किया कि आपने जो आंकड़े एवं तथ्य राजभाषा विभाग को भेजे हैं, हम आगे उसकी समीक्षा करेंगे। साथ ही प्रतिभागियों से विशेष आग्रह किया कि मंत्रालयों/विभागों में सीडैक द्वारा विकसित कंठस्थ 2.0 का ज्यादा से ज्यादा उपयोग सुनिश्चित किया जाये। कंठस्थ में अब न्यूरल मशीन ट्रांसलेशन(NMT) की विशेष सुविधा उपलब्ध करवाई गयी है तथा इसका मोबाइल संस्करण भी जल्द ही उपलब्ध करा दिया जायेगा। इसके उपयोग से अधिक सटीकता एवं त्वरित गति से ज्यादा से ज्यादा अनुवाद किया जा सकता है। हमें वरिष्ठ अधिकारियों की सहायता और कनिष्ठ अधिकारियों का निरंतर मार्गदर्शन करना है ताकि वह अधिक से अधिक कार्य हिंदी में करने हेतु प्रोत्साहित हो सकें और कार्यालयी कामकाज हिंदी भाषा में निष्पादित कर सकें। आज की बैठक सार्थक, सद्भावपूर्ण एवं अच्छी हो, ऐसी हमारी कामना है।

5. अवगत कराना है कि केंद्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति का गठन केंद्र सरकार के मंत्रालयों एवं विभागों में राजभाषा अधिनियम, 1963 और राजभाषा नियम, 1976 के प्रावधानों के कार्यान्वयन की समीक्षा करने, सरकारी प्रयोजनों के लिए राजभाषा हिंदी का प्रयोग बढ़ाने के लिए उठाए गए कदमों की मॉनिटरिंग करने तथा राजभाषा विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए निर्देशों के अनुपालन में पाई गई कमियों को दूर करने हेतु उपाय सुझाने के उद्देश्य से किया गया है। हमारे माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री जी ने राजभाषा हिंदी के प्रयोग पर बहुत बल दिया है। इस दिशा में यह बैठक मंत्रालयों/विभागों द्वारा सरकारी काम-काज में संघ की राजभाषा नीति के प्रयोग की समीक्षा करने हेतु एक महत्वपूर्ण मंच है। इस बैठक में सभी मंत्रालयों के उच्च अधिकारियों के साथ सीधा संवाद करने का हमें अवसर मिलता है और वे हिंदी के कार्यान्वयन में आ रही समस्याओं पर विचार-विमर्श कर सकते हैं, साथ ही अपने सुझाव भी दे सकते हैं। इस बैठक में मंत्रालयों की वेबसाइट के द्विभाषीकरण की स्थिति में पाई गई मुख्य कमियां भी आपके सामने रखी जाएंगी। जैसा कि आपको विदित है कि संघ का राजकीय कार्य हिंदी में करने के लिए राजभाषा विभाग द्वारा प्रत्येक वित्त वर्ष के लिए एक वार्षिक कार्यक्रम जारी किया जाता है। सभी मंत्रालयों/विभागों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित सभी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कार्रवाई करें। इस अवसर पर संयुक्त सचिव ने सभी वरिष्ठ अधिकारियों से अनुरोध किया कि राजभाषा विभाग द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों का अनुपालन अपने कार्यालयों में सुनिश्चित करवाएं और राजभाषा संबंधी सभी कार्यकलापों में व्यक्तिगत रुचि लेते हुए सरकारी कामकाज में हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने की ओर विशेष ध्यान दें।

6. तत्पश्चात संयुक्त सचिव महोदया के निदेश पर राजभाषा विभाग के अनुसंधान अधिकारी (कार्यान्वयन) ने पॉवर प्वांइट प्रेजेंटेशन (पीपीटी) के माध्यम से सभी प्रतिभागियों से उनके मंत्रालयों/विभागों से की जा रही अपेक्षाओं का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने आगे बताया कि राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 3(3) के अंतर्गत जारी किए जाने वाले 14 दस्तावेज अनिवार्यत: द्विभाषी

जारी किए जाने अपेक्षित हैं। साथ ही राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 के अंतर्गत हिंदी में प्राप्त पत्रों के उत्तर अनिवार्यत: हिंदी में दिए जाने अपेक्षित हैं, जिसका अनुपालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

(I) उन्होंने इस बात पर सभी प्रतिभागियों का ध्यान विशेष रूप से आकृष्ट करते हुए बताया कि यदि कोई कार्यालय धारा 3(3) का अनुपालन नहीं करता है तो वह राजभाषा विभाग की ओर से दिए जाने वाले राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय स्तर के पुरस्कारों के मूल्यांकन से पूर्णत: वंचित हो जाता है। साथ ही यदि कार्यालय राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन नहीं करता है तो पुरस्कारों के मूल्यांकन के समय प्रणाली द्वारा उनके 10 अंक काट लिए जाते हैं जिससे वह पुरस्कारों की श्रेणी से लगभग बाहर हो जाता है अथवा दूसरे कार्यालयों के मुकाबले, राजभाषा पुरस्कार प्राप्त करने में उनका स्थान नीचे हो जाता है।

(II) अनुसंधान अधिकारी (कार्यान्वयन) ने आगे यह भी अनुरोध किया कि वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित किए गए लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में प्रयास किया जाना चाहिए। अंग्रेजी वेबसाइट और हिंदी वेबसाइट का साथ-साथ अद्यतन किया जाना अनिवार्य है। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मूल रुप से हिंदी में कार्य को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। अभ्यास आधारित कार्यशालाओं का नियमित आयोजन किया जाए। प्रशिक्षण हेतु शेष अधिकारियों/कार्मिकों का यथाशीघ्र प्रशिक्षण आवश्यक है क्योंकि हिंदी शिक्षण योजना द्वारा 2025 तक सभी को प्रशिक्षित किये जाने का लक्ष्य रखा गया है। जिन्हें इन प्रशिक्षणों में नामित किया जाता है, उन्हें प्रशिक्षण हेतु कार्यमुक्त भी करें। जिन मंत्रालयों/विभागों में हिंदी सलाहकार समिति गठित नहीं की गयी है, वहां इसका शीघ्र गठन/पुनर्गठन आवश्यक है ताकि इसकी नियमित बैठकें आयोजित की जा सकें। सभी कंप्यूटरों में द्विभाषी रूप से काम करने की सुविधा उपलब्ध हो ताकि कार्मिकों को हिंदी में काम करने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। कंप्यूटरों में इनबिल्ट द्विभाषी सुविधा पहले ही से उपलब्ध है, केवल उन्हें यूनिकोड इनेबल करने की आवश्यकता है। अपने-अपने कार्यालयों में प्रत्येक तिमाही में विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समितियों की बैठकों का नियमित आयोजन किया जाना चाहिए।

(III) एक जरूरी बात से भी उन्होंने सभी को अवगत कराया कि ऑनलाइन तिमाही प्रगति रिपोर्ट निर्धारित समय सीमा अर्थात एक महीने के अंदर प्रमाण पत्र सहित, भेजना सुनिश्चित करवाएं क्योंकि राजभाषा पुरस्कारों के मूल्यांकन के समय प्रत्येक तिमाही की समाप्ति के 30 दिनों के अंदर रिपोर्ट भेजे जाने पर 6 अंक, 60 दिनों के अंदर भेजे जाने पर 3 अंक दिए जाते हैं। 60 दिनों के बाद भेजे जाने पर 6 अंक कट जाते हैं।

(IV) वेबसाइट बाई-डिफाल्ट हिंदी में खुले इस बात पर विशेष बल देते हुए अनुसंधान अधिकारी ने स्पष्ट किया कि यदि बाई-डिफाल्ट हिंदी में खुलने में समस्या हो तो वेबसाइट खुलते समय भाषा का विकल्प दिया जाये ताकि प्रयोक्ता वहीं से हिंदी या अंग्रेजी का विकल्प चुन सके।

अनिल कुमार

बैठक से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदु:

1. सभी मंत्रालय/विभाग अपनी-अपनी तिमाही प्रगति रिपोर्ट समय से भरें। प्रत्येक तिमाही की समाप्ति के 30 दिनों के भीतर रिपोर्ट तथा अपने विभागाध्यक्ष से हस्ताक्षरित प्रमाण-पत्र (मुहर सहित) भरवाना सुनिश्चित करें।
2. तिमाही प्रगति रिपोर्ट भरने में आ रही किसी भी समस्या के लिए विभाग के एनआईसी (NIC) से संपर्क करें।
3. रिपोर्ट में धारा 3(3) एवं नियम-5 का उल्लंघन न हो, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए।
4. सभी अधिकारी अपने विभागों/मंत्रालयों में कंठस्थ 2.0 का अधिक से अधिक उपयोग सुनिश्चित करवाएं।
5. पुणे में आयोजित तृतीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में विभिन्न मंत्रालयों/विभागों से पधारे अधिकारियों का हार्दिक धन्यवाद इस अनुरोध के साथ कि, ऐसे सम्मेलनों में भविष्य में भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।
6. हिंदी सलाहकार समिति का गठन/पुनर्गठन करवाएं। गठन/पुनर्गठन के उपरांत वर्ष में दो बैठकें करवाना सुनिश्चित करवाएं।
7. वेबसाइट पूर्णतः द्विभाषी करवाएं। अंग्रेजी के साथ-साथ हिंदी में हमेशा साथ-साथ अपडेट करवाना सुनिश्चित करवाएं।
8. वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मूल कार्य हिंदी में हो।
9. सभी कंप्यूटरों में इनबिल्ट द्विभाषी सुविधा, यूनिकोड को इनेबल करवाएं।
10. भविष्य में आयोजित होने वाली कॉलिक की बैठकों में संयुक्त सचिव व समकक्ष अधिकारी अवश्य उपस्थित हों।

मंत्रालय/विभाग-वार विस्तृत समीक्षा अगले पृष्ठ से देखा जा सकता है :-

मंत्रालय/विभाग-वार समीक्षा

6.1 अंतरिक्ष विभाग

अंतरिक्ष विभाग द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया। अंतरिक्ष विभाग द्वारा 'क', 'ख' और 'ग' तीनों क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त किया गया है तथा फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य भी प्राप्त किया गया है जो कि सराहनीय है। उनके यहाँ 2 कार्मिक 100 प्रतिशत कार्य हिंदी में करते हैं।

अंतरिक्ष विभाग की प्रतिनिधि ने भविष्य में प्रतिशतता बढ़ाने के हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। संयुक्त सचिव, राजभाषा विभाग ने अंतरिक्ष विभाग के प्रयासों की सराहना की तथा उनसे अनुरोध किया की अगर आपके पास बजट की उपलब्धता है तो सबके लिए कार्यशाला का आयोजन कराएँ जिससे कि सभी लोग आपके यहाँ आकर आपके प्रयासों को देख सकें। प्रतिनिधि ने इस संबंध में सूचित किया कि अंतरिक्ष विभाग इस योजना कर रहा है तथा तिथि का निर्धारण होते ही सूचित किया जाएगा। विभाग की वेबसाइट के मुख्य पृष्ठ पर दी गई सूचना आंशिक रूप में हिंदी में उपलब्ध होने के बारे में विभाग के प्रतिनिधि ने बताया कि इसे पूर्णत: द्विभाषी करने का कार्य किया जा रहा है। हिंदी सलाहकार समिति की बैठक के संबंध में प्रतिनिधि ने सूचित किया कि इस दिशा में प्रयास किये जा रहे हैं।

6.2 अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) एवं राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। 'क' और 'ख' क्षेत्रों में हिंदी पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है जबकि 'ग' क्षेत्र में लक्ष्य प्राप्त किया गया है जो कि सराहनीय है। फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है। इस मंत्रालय में हिंदी में काम करने वाले आशुलिपिकों की प्रतिशतता 52.94 है। मंत्रालय में 16 उच्च अधिकारियों में से केवल एक अधिकारी 100 प्रतिशत कार्य हिंदी में करते हैं। मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है तथा बैठक भी कर ली गयी है।

प्रतिनिधि ने बताया कि पिछले वर्ष से काफी प्रगति दर्ज की गयी है तथा इसमें उच्च अधिकारी भी अपना काफी योगदान देते हैं। मंत्रालय की वेबसाइट के मुख्य पृष्ठ पर दी गई सूचना आंशिक रूप में हिंदी में उपलब्ध होने के बारे में विभाग के प्रतिनिधि ने बताया कि इसे पूर्णतः द्विभाषी करने का कार्य किया जा रहा है तथा इस पर कार्य के पश्चात आपको रिपोर्ट सौंप देंगे।

मनोज कुमार

6.3 आयुष मंत्रालय

मंत्रालय द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) का अनुपालन किया गया है परंतु राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का उल्लंघन हुआ है। 'क', 'ख' और 'ग' तीनों क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है और न ही फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त किया गया है। मंत्रालय में 19 अधिकारियों में से कोई भी अधिकारी हिंदी में कार्य नहीं करते हैं। मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति का गठन किया जा चुका है।

मंत्रालय के प्रतिनिधि ने भविष्य में अच्छे परिणाम देने का आश्वासन दिया और बताया कि पिछले वर्ष से काफी प्रगति हुई है तथा इस स्थिति को जारी रखने के पूरे प्रयास किये जायेंगे। उन्होंने टंककों की संख्या की स्थिति को चेक करने तथा अधिकारियों को भी ज्यादा से ज्यादा कार्य करने के लिए प्रोत्साहन देने का आश्वासन दिया। मंत्रालय की वेबसाइट के मुख्य पृष्ठ पर अधिकांश लिंक की सूचना हिंदी में नहीं दी गई है। उन्होंने यह भी बताया कि उनके मंत्रालय की वेबसाइट पर द्विभाषी सामग्री को अपडेट कर लिया जायेगा। मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति का गठन कर लिया गया है तथा बैठक भी आयोजित कर ली गयी है।

6.4 आर्थिक कार्य विभाग

आर्थिक कार्य विभाग की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि विभाग द्वारा धारा 3(3) का अनुपालन किया गया है परंतु राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का उल्लंघन हुआ है। हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है और न ही फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त किया गया है। अधिकारियों/कर्मचारियों के हिंदी ज्ञान की प्रतिशतता शत-प्रतिशत है।

इस पर विभाग के प्रतिनिधि ने सूचित किया कि उनकी पूरी कोशिश होती है कि ज्यादा से ज्यादा कार्य हिंदी में किये जाएँ लेकिन चूँकि उनके विभाग में ज्यादातर काम अंतर्राष्ट्रीय संगठनों, विश्व बैंक, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ होता है इसलिए उनके यहां हिंदी पत्राचार का प्रतिशत कम है। उन्होंने अवगत कराया कि पूरी कोशिश की जाएगी की इस तरह के जवाब द्विभाषी दिए जाएँ। प्रतिनिधि ने बताया कि कंठस्थ तथा ई-फाइलिंग पर भी उनके यहाँ कार्यशाला आयोजित की गयी है। हिंदी सलाहकार समिति की बैठक के संबंध में उन्होंने सूचित किया कि G-20 की बैठक में व्यस्तता की वजह से बैठक नहीं हो सकी है तथा जितनी जल्दी हो सके इसकी बैठक आयोजित करने के प्रयास किये जा रहे हैं। वेबसाइट पर सामग्री द्विभाषी न होने के संबंध में प्रतिनिधि ने बताया की साइबर सुरक्षा पर किये जा रहे कार्य की वजह से वेबसाइट अद्यतित करने के कार्य में बाधा आई है इसे जल्द ही ठीक कर लिया जायेगा। प्रतिनिधि ने अपने विभाग में कार्यों की अधिकता का हवाला देते हुए प्रतिनियुक्त अधिकारी के कार्य ग्रहण के संबंध में जिज्ञासा व्यक्त की जिसके संबंध में संयुक्त सचिव महोदया द्वारा उन्हें सूचित किया गया कि जल्द ही वे पदभार ग्रहण कर लेंगे।

6.5 आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय

मंत्रालय द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। 'क' और 'ख' क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है जबकि 'ग' क्षेत्र में लक्ष्य प्राप्त किया गया है जो कि सराहनीय है। मंत्रालय द्वारा फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त किया गया है । अधिकारियों/कर्मचारियों के हिंदी ज्ञान की प्रतिशतता शत-प्रतिशत है। संयुक्त सचिव महोदया ने कंठस्थ पर अधिकतम कार्य किये जाने के निर्देश दिए तथा सभी अधिकारियों को अपने स्टाफ को इस संबंध में प्रोत्साहित करने के निदेश भी दिए।

इस संबंध में मंत्रालय के प्रतिनिधि ने सूचित किया कि वे खुद भी कंठस्थ पर कार्य करती हैं तथा इस संबंध में पूरे प्रयास किये जा रहे हैं। मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है। मंत्रालय की वेबसाइट द्विभाषी न होने पर उन्होंने बताया कि वेबसाइट को द्विभाषी करने के लिए NIC के साथ बैठक की गयी है तथा इसको अद्यतित करने का काम चल रहा है। वेबसाइट को द्विभाषी करने के कार्य हेतु दो अनुवादक भी लगाये गए हैं।

6.6 इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

मंत्रालय द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। मंत्रालय द्वारा 'क', 'ख' और 'ग' तीनों क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है तथा फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य भी प्राप्त नहीं किया गया है।

मंत्रालय के प्रतिनिधि ने बताया कि पत्राचार बढ़ाने के लिए हम पूरी कोशिश कर रहे हैं तथा भविष्य में इसमें सुधार देखने को मिलेगा । इसके लिए अनुभागों में कई प्रोत्साहन योजनाएं भी चलाई जा रही हैं। संयुक्त सचिव महोदया ने कहा कि आप कार्यशाला कराएँ तथा बताएं कि आपने कौन-कौन से टूल विकसित किये हैं। इसका पता हमें भी चलना चाहिए ताकि डुप्लीकेशन ना हो। मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति का पुनर्गठन किया जा चुका है परन्तु बैठक अभी नहीं हुई है। इस पर मंत्रालय के प्रतिनिधि ने बताया कि हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है तथा फ़ाइल मंत्री महोदय के पास अनुमोदन हेतु भेजी गयी है । तिथि मिलते ही बैठक का आयोजन कर लिया जायेगा।

6.7 इस्पात मंत्रालय

समीक्षा में पाया गया कि मंत्रालय द्वारा धारा 3(3) एवं नियम 5 का अनुपालन किया गया है । 'क' और 'ख' क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है जबकि 'ग' क्षेत्र में लक्ष्य प्राप्त किया गया है जो कि सराहनीय है। फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है। हालाँकि, अधिकारियों/कर्मचारियों के हिंदी ज्ञान की प्रतिशतता शत-प्रतिशत है। हिंदी में काम करने

वाले आशुलिपिकों एवं टंकको की प्रतिशतता भी शत-प्रतिशत है। मंत्रालय/विभाग की वेबसाइट के अधिकतर लिंक में दी गई सूचना केवल अंग्रेजी में है। मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति का पुनर्गठन हो गया है।

मंत्रालय के प्रतिनिधि ने बताया कि हम लक्ष्य प्राप्त करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। वेबसाइट के संबंध में प्रतिनिधि ने बताया की इसे द्विभाषी करने के लिए लगातार बैठक की जा रही है तथा पूरे प्रयास किये जा रहे हैं। प्रतिनिधि ने सूचित किया कि बैठक के आयोजन हेतु प्रयास जारी हैं तथा दिसंबर तक बैठक आयोजित करा ली जाएगी।

6.8 उच्चतर शिक्षा विभाग

उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा नियम (5) एवं धारा 3(3) का अनुपालन किया गया है। 'क', 'ख' और 'ग' तीनों क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है और न ही फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त किया गया है। पत्राचार का प्रतिशत लक्ष्य से काफी कम तथा निराशाजनक है। विभाग के 82 प्रतिशत कार्मिकों को हिंदी का ज्ञान प्राप्त है। विभाग की हिंदी सलाहकार समिति का पुनर्गठन नहीं हुआ है। मंत्रालय/विभाग की वेबसाइट के कुछ लिंक में दी गई सूचना केवल अंग्रेजी में है।

इस संबंध में विभाग के प्रतिनिधि ने अपनी टिप्पणी में बताया की बेशक आंकड़े लक्ष्य से काफी कम हैं लेकिन प्रतिशतता को बढ़ाने तथा लक्ष्य को प्राप्त करने के हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं। विभाग के प्रतिनिधि ने बताया कि पूर्व में उनके विभाग द्वारा त्रुटिवश सही आंकड़े नहीं दिए गए थे जिसे अब सुधार लिया गया है। उन्होंने अवगत कराया कि सलाहकार समिति के पुनर्गठन हेतु प्रयास किये जा रहे हैं तथा इसकी कुछ औपचारिकताएँ बाकी हैं तथा इस पर अंतिम निर्णय लिया जाना बाकी है। अनुमोदन के पश्चात जल्द ही बैठक का आयोजन कर लिया जायेगा। वेबसाइट को द्विभाषी करने के लिए सभी सम्बंधित अनुभागों को पत्र लिखे गए हैं।

6.9 उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय

मंत्रालय द्वारा वर्ष 2022-23 की रिपोर्टें नहीं भेजी गयी हैं। वेबसाइट पर विजन और मिशन''संगठन चार्ट' एवं 'नागरिक चार्टर' लिंक की सूचना हिंदी में उपलब्ध है। मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है लेकिन बैठक होनी शेष है।

मंत्रालय के प्रतिनिधि ने बताया कि मंत्रालय की ओर से तिमाही रिपोर्ट के आंकड़े भेजे जाने में कुछ त्रुटि हुई है जिसकी जांच कर उसमें सुधार किया जायेगा। उन्होंने हिंदी सलाहकार समिति की बैठक

के संबंध में सूचित किया कि इससे सम्बंधित फ़ाइल मंत्री जी के पास है तथा उनके अनुमोदन के पश्चात शीघ्र ही बैठक का आयोजन कर लिया जायेगा।

6.10 उपभोक्ता मामले विभाग

इस विभाग की समीक्षा के दौरान पाया गया कि विभाग द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। मंत्रालय द्वारा 'क' और 'ख' क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है लेकिन 'ग' क्षेत्र में लक्ष्य प्राप्त किया गया है । फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त किया गया है जो कि सराहनीय है। मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है तथा बैठक भी आयोजित की गयी है। मंत्रालय/विभाग की वेबसाइट के अधिकतर लिंक में दी गई सूचना द्विभाषी नहीं है।

विभाग के प्रतिनिधि ने बताया कि उनके विभाग में अधिकतम काम हिंदी में होता है। इसे और बेहतर करने का प्रयास जारी है चूँकि यह एक तकनीकी संस्था है अतः कुछ समस्याएँ सामने आती हैं उन्हें भी ठीक कर लिया जायेगा ।

6.11 उर्वरक विभाग

उर्वरक विभाग द्वारा नियम (5) एवं धारा 3(3) का अनुपालन किया गया है। 'क', 'ख' और 'ग' तीनों क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है और न ही फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त किया गया है जब कि शत-प्रतिशत कार्मिकों को हिन्दी का ज्ञान है। विभाग की हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है।

इस संबंध में विभाग की प्रतिनिधि ने अपनी टिप्पणी में बताया कि प्रतिशतता को बढ़ाने तथा लक्ष्य को प्राप्त करने के हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं तथा 'कंठस्थ' पर कार्य करने का भी आश्वासन दिया। मंत्रालय/विभाग की वेबसाइट के कुछ लिंक में दी गई सूचना केवल अंग्रेजी में है। विभाग के प्रतिनिधि ने बताया कि पूर्व में उनके विभाग द्वारा त्रुटिवश सही आंकड़े नहीं दिए दिए गए थे जिसमें अब सुधार कर लिया गया है। सलाहकार समिति का गठन हो गया है तथा बैठक आयोजित करवाने के प्रयास किये जा रहे हैं ।

6.12 उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग

विभाग द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का पूर्ण अनुपालन किया गया है। 'क', 'ख' और 'ग' तीनों क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है और न ही फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त किया गया है ।

इस संबंध में विभाग के प्रतिनिधि ने बताया कि पत्राचार का प्रतिशत बढ़ाने के लिए हम पूरी कोशिश कर रहे हैं तथा अगली बैठक में स्थिति और बेहतर हो इसके पूरे प्रयास किये जायेंगे। मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है। मंत्रालय/विभाग की वेबसाइट के कतिपय प्रमुख लिंक में दी गई सूचना द्विभाषी नहीं है। प्रतिनिधि ने बताया कि इस संबंध में NIC को पत्र लिख कर वेबसाइट को बाई डिफ़ॉल्ट हिंदी में करने को कहा जायेगा तथा अन्य कमियों को चेक कर सही कर लिया जायेगा। उनके यहाँ 59 अनुभाग हैं तथा सबसे अपनी सामग्री द्विभाषी करने को कहा गया है और इस कार्य को आने वाले कुछ दिनों में कर लिया जायेगा। प्रतिनिधि ने सूचित किया कि उनका विभाग लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में प्रयासरत है तथा हिंदी सलाहकार समिति की बैठक 27 अक्टूबर को श्रीनगर में होनी प्रस्तावित है।

6.13 औषध विभाग

औषध विभाग की समीक्षा में पाया गया कि राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। 'क', 'ख' और 'ग' तीनों क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है और न ही फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त किया गया है। हिंदी में अधिकारियों के ज्ञान की स्थिति शून्य दिखाई गयी है जिसे जांचने की जरूरत है। हिंदी सलाहकार समिति का पुनर्गठन हो गया है तथा इसकी बैठकें आयोजित की गयी हैं।

विभाग के प्रतिनिधि ने बताया कि उनके यहाँ तकनीकी प्रकृति का कार्य होने के कारण अधिकतर कार्य अंग्रेजी में ही किये जा रहे हैं जिसे सुधारने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने हिंदी पत्राचार का प्रतिशत बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। उन्होंने अवगत कराया कि 'कंठस्थ' का अधिकतम प्रयोग किये जाने का प्रयास किया जा रहा है तथा इसकी कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने सूचित किया की उनका विभाग ई-पत्रिका भी प्रकाशित कर रहा है। 'निविदा' एवं 'भर्ती लिंक' की सूचना हिंदी में उपलब्ध नहीं है। इस पर विभाग के प्रतिनिधि ने बताया कि जो भी कमियां है उसकी जांच करने के पश्चात उसे जल्द से जल्द सुधार लिया जायेगा।

6.14 कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग

कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग की समीक्षा में पाया गया कि विभाग द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। विभाग द्वारा 'क' और 'ख' क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है हालाँकि 'ग' क्षेत्र में लक्ष्य प्राप्त किया गया है जो कि सराहनीय है। फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है। टंककों की स्थिति शून्य दिखाई गयी है जिसे जांचने की जरूरत है। इस संबंध में विभाग के प्रतिनिधि ने बताया कि उनके यहाँ प्रतिशतता बढ़ाने के पूरे प्रयास किये जा रहे हैं। उनके यहाँ कोई भी टंकक नहीं है।

अनिल कुमार

विभाग की वेबसाइट पर 'निविदा' एवं 'भर्ती' लिंक तथा अन्य बिन्दुओं की सूचना हिंदी में न होने के संबंध में प्रतिनिधि ने सूचित किया कि वेबसाइट को द्विभाषी बनाने का कार्य किया जा रहा है जो कि अनुवादकों के पैनल द्वारा करवाया जा रहा है। समीक्षा में पाया गया कि मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति की बैठक नहीं की गयी है। इस संबंध में प्रतिनिधि ने बताया कि उनके विभाग तथा **कृषि एवं किसान कल्याण विभाग** की संयुक्त समिति है अतः बैठक के लिए अनुमोदन हेतु फ़ाइल मंत्री जी के पास भेजी गयी है उनसे समय प्राप्त होते ही बैठक का आयोजन कर लिया जायेगा।

6.15 कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

विभाग द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। विभाग द्वारा 'क' और 'ख' क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है हालाँकि 'ग' क्षेत्र में लक्ष्य प्राप्त किया गया है जो कि सराहनीय है। फाइलों पर हिंदी में टिप्पण की प्रतिशतता लक्ष्य से काफी कम है, जबकि लगभग शत-प्रतिशत कार्मिकों को हिन्दी का ज्ञान है। टंककों की स्थिति शून्य दिखाई गयी है जिसे जांचने की जरुरत है। विभाग की वेबसाइट पर 'सूचना का अधिकार' एवं 'विजन और मिशन' 'निविदा' लिंक की सूचना हिंदी में उपलब्ध नहीं है।

विभाग के प्रतिनिधि ने अपनी टिप्पणी में बताया कि प्रतिशतता लक्ष्य से कम है और उसे बढ़ाये जाने के भरपूर प्रयास किये जा रहे हैं। इसके लिए सभी अनुभागों का निरीक्षण कर उन्हें निर्देशित किया गया है तथा सभी को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। उन्होंने अवगत कराया कि विभाग की हिंदी सलाहकार समिति के पुनर्गठन की प्रक्रिया चल रही है। विभाग की वेबसाइट को द्विभाषी बनाने का भी काम चल रहा है और जल्द ही इसे पूर्णत: द्विभाषी और अद्यतित कर लिया जाएगा।

6.16 कारपोरेट कार्य मंत्रालय

मंत्रालय में राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। विभाग द्वारा 'क' और 'ख' क्षेत्र में पत्राचार की स्थिति संतोषजनक है वहीं 'ग' क्षेत्र में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त किया गया है जो कि सराहनीय है। मंत्रालय में फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है जबकि शत-प्रतिशत कार्मिकों को हिन्दी का ज्ञान है। मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो चुका है। मंत्रालय की वेबसाइट में 'सूचना का अधिकार', 'निविदा', 'भर्ती' लिंक में दी गई सूचना केवल अंग्रेजी में है।

मंत्रालय के प्रतिनिधि ने सूचित किया कि प्रतिशतता को बढ़ाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। हिंदी सलाहकार समिति का पुनर्गठन हो चुका है तथा एक बैठक का आयोजन जून माह में कर लिया गया है। उन्होंने अवगत कराया कि वेबसाइट 80 प्रतिशत अपडेट है तथा शेष को भी शीघ्र ही अपडेट कर वेबसाइट को द्विभाषी कर लिया जायेगा। वेबसाइट में अपेक्षित सुधार हेतु बैठक भी आयोजित की गयी है।

अनिल कुमार

6.17 कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग

विभाग द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। 'क', 'ख' और 'ग' तीनों क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है और न ही फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त किया गया है। विभाग की हिंदी सलाहकार समिति का पुनर्गठन हो गया है तथा बैठक भी आयोजित की गयी है। मंत्रालय/विभाग की वेबसाइट के अधिकतर लिंक में दी गई सूचना केवल अंग्रेजी में है।

इस पर विभाग की प्रतिनिधि ने अवगत करवाया कि प्रतिशतता बढ़ाने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है तथा 'कंठस्थ' इत्यादि टूल्स के माध्यम से इसे और बढ़ाने पर जोर दिया जायेगा। वेबसाइट के संबंध में उन्होंने बताया कि विभाग की वेबसाइट को पूरी तरह से द्विभाषी करने के लिए सम्बंधित प्रभाग तथा NIC से बात की जा रही है।

6.18 कोयला मंत्रालय

मंत्रालय द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। 'क', 'ख' और 'ग' तीनों क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है और न ही फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त किया गया है । मंत्रालय/विभाग की वेबसाइट के अधिकतर लिंक में दी गई सूचना केवल अंग्रेजी में है।

इस संबंध में मंत्रालय के प्रतिनिधि ने बताया कि हम प्रतिशतता बढ़ाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं तथा पिछले वर्ष से प्रगति हुई है और लक्ष्य के निकट आने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का गठन कर दिया गया है लेकिन बैठक नहीं हो पाई है। इस संबंध में प्रतिनिधि ने सूचित किया कि बैठक हेतु तिथि निर्धारित करने के लिए फ़ाइल मंत्री जी के पास भेजी गयी है तथा उनसे समय प्राप्त होते ही बैठक आयोजित कर ली जाएगी ।

6.19 खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग

विभाग में राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। विभाग द्वारा 'क' और 'ख' क्षेत्र में पत्राचार की स्थिति संतोषजनक है वहीं 'ग' क्षेत्र में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त किया गया है। विभाग में फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है। हिंदी ज्ञान की प्रतिशतता शून्य दर्शाई गयी है। हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो चुका है। विभाग की वेबसाइट में सूचना का अधिकार, निविदा, भर्ती लिंक में दी गई सूचना केवल अंग्रेजी में है।

अनिल कुमार

विभाग के प्रतिनिधि ने सूचित किया कि उनके पदभार ग्रहण करने के बाद से काफी प्रगति हुई है। उन्होंने बताया कि मैं खुद भी ज्यादा से ज्यादा हिंदी में ही बोलने का प्रयास करता हूँ साथ ही प्रतिशतता बढ़ाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने अवगत कराया कि हिंदी ज्ञान वाले बिंदु की रिपोर्टिंग ठीक से नहीं हुई है इसमें सुधार किया जायेगा। हिंदी सलाहकार समिति की बैठक की जा चुकी है। वेबसाइट को पुनः बनाया जा रहा है तथा इसकी कमियों को दूर किया जा रहा है साथ ही शीघ्र ही अपडेट कर वेबसाइट को द्विभाषी कर लिया जायेगा।

6.20 खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय

मंत्रालय द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन नहीं किया गया है। मंत्रालय द्वारा 'क', 'ख' और 'ग' तीनों क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है और न ही फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त किया गया है तथा इसमें पिछले वर्ष की अपेक्षा काफी कमी भी आई है। मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है। मंत्रालय की वेबसाइट में सूचना का अधिकार, निविदा, भर्ती लिंक, संगठन चार्टर में दी गई सूचना केवल अंग्रेजी में है।

मंत्रालय के प्रतिनिधि ने अपनी टिप्पणी में बताया कि शायद रिपोर्टिंग कम हुई है अन्यथा किसी भी नियम का उल्लंघन नहीं होता, इसकी जांच कर इसे सुधार लिया जायेगा। साथ ही उनके मंत्रालय में तकनीकी काम काफी होता है जिसके कारण प्रतिशत घट जाता है। इस पर उन्हें सुझाव दिया गया कि शब्दों का अनुवाद उपलब्ध न होने की स्थिति में उन्हें देवनागरी में ही लिखा जा सकता है। उन्होंने अवगत कराया कि उनके यहाँ 'कंठस्थ' की कार्यशाला आयोजित की गयी है तथा तिमाही बैठकों में भी अधिकारियों को हिंदी में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। उन्होंने बताया कि वेबसाइट को अपडेट करने का काम जल्द पूरा कर लिया जाएगा। उनके मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति की बैठक के लिए तिथि पर अनुमोदन लिया जा रहा है।

6.21 खान मंत्रालय

खान मंत्रालय की समीक्षा में पाया गया कि राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। खान मंत्रालय द्वारा 'क', और 'ख' क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है और न ही फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त किया गया है जब कि शत-प्रतिशत कार्मिकों को हिन्दी का ज्ञान है। हालाँकि 'ग' क्षेत्र में लक्ष्य को प्राप्त किया गया है। हिंदी में कार्य करने वाले टंककों की प्रतिशतता शून्य दर्शाई गयी है। मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है लेकिन बैठक नहीं हुई। मंत्रालय की वेबसाइट के अधिकतर लिंक में दी गई सूचना केवल अंग्रेजी में है।

मंत्रालय से आए प्रतिनिधि ने सूचित किया कि पत्राचार के लक्ष्य हासिल करने के प्रयास लगातार किये जा रहे हैं तथा इसके लिए सभी सम्बंधित अनुभागों को निर्देश दिए जा रहे हैं। हमारे यहाँ टंकक का कोई पद नहीं है। उन्होंने वेबसाइट के संबंध में अवगत कराया कि नई वेबसाइट 3-4 महीने पहले ही तैयार की गयी है अतः इस पर मौजूद सामग्री की समीक्षा की जा रही है और शीघ्र ही इसे द्विभाषी कर लिया जाएगा। हिंदी सलाहकार समिति की बैठक के संबंध में उन्होंने सूचित किया कि इसकी बैठक से सम्बंधित फ़ाइल मंत्री जी के पास है तथा उनके अनुमोदन के पश्चात शीघ्र ही बैठक का आयोजन कर लिया जायेगा।

6.22 ग्रामीण विकास मंत्रालय

मंत्रालय द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का पूर्ण अनुपालन किया गया है। 'क', और 'ख' क्षेत्र में निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया गया है वहीं 'ग' क्षेत्र में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त किया गया है जो कि सराहनीय है। फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है जब कि शत-प्रतिशत कार्मिकों को हिन्दी का ज्ञान है। मंत्रालय की वेबसाइट के 'कौन क्या है', 'संगठन चार्ट', 'सूचना का अधिकार' इत्यादि बिन्दुओं की सूचना हिंदी में नहीं है।

मंत्रालय के प्रतिनिधि ने बताया कि टिप्पण कम होने पर संयुक्त सचिव ने भी नाराजगी जताई है और इसकी प्रतिशतता बढ़ाने हेतु हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं। मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है तथा बैठक भी सितम्बर माह में हो चुकी है। वेबसाइट संबंध में प्रतिनिधि ने सूचित किया कि मंत्रालय की वेबसाइट का नवीनीकरण किया जा रहा है अतः कुछ कार्य बाकी है जिसे जल्द से जल्द करने का प्रयास किया जा रहा है।

6.23 भारत के नियंत्रक-महालेखा परीक्षक का कार्यालय

कार्यालय द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) तथा राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। कार्यालय का 'क' और 'ख' क्षेत्र में हिंदी में पत्राचार का प्रतिशत काफी बेहतर है साथ ही इसमें विगत वर्ष कि अपेक्षा बढ़ोत्तरी हुई है और यह लक्ष्य की ओर अग्रसर है तथा 'ग' क्षेत्र और फाइलों पर हिंदी में टिप्पण हेतु निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त किया गया है जो कि सराहनीय है। विभाग की वेबसाइट के अधिकतर लिंक में दी गई सूचना द्विभाषी है तथा इसमें भाषा का विकल्प दिया जा सकता है।

इस संबंध में प्रतिनिधि ने अपनी टिप्पणी प्रस्तुत करते हुए कहा कि हम इस कार्य को आगे भी बेहतर करने के लिए प्रयास करते रहेंगे तथा उन्होंने सूचित किया कि उनके कार्यालय में हिंदी सलाहकार

समिति के गठन का कोई प्रावधान नहीं है। उन्होंने वेबसाइट को पूर्णतः द्विभाषी बनाने तथा भाषा का विकल्प दिये जाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

6.24 जनजातीय कार्य मंत्रालय

मंत्रालय द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। मंत्रालय द्वारा 'क', 'ख' और 'ग' तीनों क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है और न ही फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त किया गया है। हालांकि, मंत्रालय में 100 प्रतिशत कार्मिकों को हिंदी का ज्ञान है। हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है लेकिन बैठक नहीं हुई है। मंत्रालय की वेबसाइट पर दी गई 'कौन क्या है', 'संगठन चार्ट', 'सूचना का अधिकार', 'निविदा', 'भर्ती' लिंक की सूचना द्विभाषी नहीं है।

मंत्रालय के प्रतिनिधि ने अपनी टिप्पणी देते हुए कहा की आंकड़े पिछले वर्ष की अपेक्षा सुधरे हैं तथा अधिकारियों/कर्मचारियों को हिंदी में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। उन्होंने वेबसाइट के संबंध में बताया कि वेबसाइट को द्विभाषी बनाने का कार्य किया जा रहा है तथा इसे जल्द ही ठीक कर लिया जायेगा। उन्होंने सूचित किया कि हिंदी सलाहकार समिति की बैठक के लिए मंत्री जी से समय लिया जा रहा है तथा उनके अनुमोदन के पश्चात शीघ्र ही बैठक का आयोजन कर लिया जायेगा।

6.25 जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

विभाग की समीक्षा के दौरान पाया गया कि राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। 'क', 'ख' और 'ग' तीनों क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है और फाइलों पर हिंदी में टिप्पण की प्रतिशतता भी लक्ष्य से बहुत कम है। हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है। विभाग की वेबसाइट पर दी गई बहुत सी सूचना हिंदी में नहीं है।

विभाग के प्रतिनिधि ने सूचित किया कि इन सभी कमियों पर बैठक कर समीक्षा के उपरांत उन्हें दूर किया जायेगा। उन्होंने वेबसाइट को जल्द अद्यतन करने तथा बाई डिफाल्ट हिंदी में वेबसाइट खुलने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। उन्होंने सूचित किया कि हिंदी सलाहकार समिति की बैठक के लिए मंत्री जी से समय लिया जा रहा है तथा उनसे समय प्राप्त होते ही बैठक का आयोजन कर लिया जायेगा।

अनिल कुमार

6.26 डाक विभाग

डाक विभाग की समीक्षा में पाया गया कि विभाग द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। 'क' और 'ख' क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार की प्रतिशतता निर्धारित लक्ष्य के करीब है जबकि 'ग' क्षेत्र में लक्ष्य को प्राप्त किया गया है जो कि सराहनीय है। फाइलों पर हिंदी में टिप्पण की प्रतिशतता का लक्ष्य भी प्राप्त किया गया है। डाक विभाग की हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है लेकिन बैठक अभी नहीं हुई है। विभाग की वेबसाइट के मुख्य पृष्ठ पर दी गयी 'संगठन चार्ट', 'सूचना का अधिकार', 'निविदा', 'भर्ती' लिंक की सूचना हिंदी में उपलब्ध नहीं कराई गई है।

विभाग के प्रतिनिधि ने अपनी टिप्पणी में कहा कि हमने काफी सुधार किया है तथा इसे आगे भी जारी रखेंगे । उन्होंने कहा कि वेबसाइट को पूर्णतः द्विभाषी बनाने का कार्य चल रहा है। उन्होंने सूचित किया कि हिंदी सलाहकार समिति की बैठक के लिए मंत्री जी से समय लिया जा रहा है तथा उनके अनुमोदन के पश्चात शीघ्र ही बैठक का आयोजन कर लिया जायेगा।

6.27 मंत्रिमंडल सचिवालय

समीक्षा में पाया गया कि राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। 'क', 'ख' और 'ग' क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार हेतु निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है तथा यह अपने लक्ष्य से काफी पीछे है। फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य भी प्राप्त नहीं किया गया है जबकि अधिकारियों/कर्मचारियों के हिंदी ज्ञान की स्थिति 100 प्रतिशत है। कार्यालय में टंककों की संख्या शून्य दर्शाई गयी है। मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति के गठन का प्रावधान नहीं है। मंत्रालय/विभाग की वेबसाइट के कुछ टैब्स हिंदी में नहीं है।

सचिवालय के प्रतिनिधि ने अपनी टिप्पणी में कहा कि हम ज्यादा से ज्यादा कार्य हिंदी में करने की कोशिश कर रहे हैं और प्रतिशत को सुधारने का प्रयास किया जा रहा है। वेबसाइट के संबंध में प्रतिनिधि ने अवगत कराया कि हमारे यहाँ आदेश काफी बड़े होने के कारण अपलोड करने में समस्या आ रही है जिसे जल्दी ही दूर कर लिया जायेगा तथा इसे द्विभाषी करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने अवगत कराया कि उनके यहाँ विभिन्न अनुभागों के बीच हिंदी के प्रयोग को लेकर सालाना आधार पर एक प्रतियोगिता रखी जाती है जिसमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले अनुभाग को पुरस्कृत किया जाता है। वहीं कार्मिकों के बच्चों के लिए भी प्रतियोगिता आयोजित कर उन्हें प्रोत्साहित किया जाता है। संयुक्त सचिव महोदया ने प्रतिनिधि से उनके यहाँ किये जा रहे प्रयासों का एक संक्षिप्त ब्यौरा देने का अनुरोध किया। प्रतिनिधि ने सूचित किया कि उनके मंत्रालय को दो बार पुरस्कार हासिल हो चुका है। उनके यहाँ दो कार्यशालाएं आयोजित की गयीं। उन्होंने कहा कि वेबसाइट को पूर्णतः द्विभाषी बनाने का

अनिल कुमार

कार्य चल रहा है हालाँकि कुछ दस्तावेजों के केवल अंग्रेजी में होने कि बाध्यता की वजह से इसमें कुछ समस्या आ रही है इसे दूर कर लिया जायेगा ।

6.28 पशुपालन, डेयरी और मत्स्यपालन विभाग

विभाग द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। 'क' और 'ख' क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है हालाँकि इसमें पिछले वर्ष के मुकाबले वृद्धि हुई है वहीं 'ग' क्षेत्र हेतु निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर लिया गया है जो कि सराहनीय है। फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है। विभाग में हिंदी में कार्य करने वाले टंककों की प्रतिशतता शून्य दिखाई गई है। विभाग में हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है हालाँकि बैठक होनी शेष है। मंत्रालय की वेबसाइट के कुछ लिंक में दी गई सूचना केवल अंग्रेजी में है।

विभाग के प्रतिनिधि ने सूचित किया कि हिंदी के कार्यान्वयन का कार्य अनवरत चलने वाली प्रक्रिया है अतः लक्ष्य को प्राप्त करने तथा मूल कार्य हिंदी में करने के सतत प्रयास किये जाते हैं तथा इसे आगे और बेहतर किया जायेगा। कार्यशाला का आयोजन नियमित तौर पर किया जाता है साथ ही एक पत्रिका का प्रकाशन भी किया जा रहा है। उन्होंने एक टूल के तौर पर कंठस्थ को काफी उपयोगी बताया। विभाग के प्रतिनिधि ने अवगत करवाया कि उनके विभाग में शब्दकोश भी तैयार करवाया जा रहा है तथा एक ई-पुस्तकालय भी है जिसे व्हाट्सअप के द्वारा भी उपयोग किया जा सकता है। उन्होने सूचित किया कि हिंदी सलाहकार समिति का पुनर्गठन कर लिया गया है और बैठक नवम्बर में प्रस्तावित है। विभाग के प्रतिनिधि ने सूचित किया कि वेबसाइट को पूर्ण रूप से द्विभाषी बनाना भी एक सतत प्रक्रिया है जिसे जारी रखा जाएगा। प्रतिनिधि ने सूचित किया कि विभाग में उप निदेशक, राजभाषा का पद काफी दिनों से रिक्त होने की वजह से समस्या हो रही है जिस पर उन्हें सूचित किया गया कि आप अपने विभाग में एक परामर्शदाता की नियुक्ति कर सकते हैं।

6.29 दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग

विभाग की समीक्षा में यह पाया गया कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) का एवं राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया। विभाग द्वारा 'क', 'ख' और 'ग' तीनों क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है और न ही फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त किया गया है हालाँकि इसमें विगत वर्ष से वृद्धि हुई है। विभाग में हिंदी में कार्य करने वाले टंककों की प्रतिशतता शून्य है। विभाग में हिंदी सलाहकार समिति का पुनर्गठन हो गया है। मंत्रालय/विभाग की वेबसाइट की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि कुछ टैब्स हिंदी में उपलब्ध नहीं हैं।

अनिल कुमार

विभाग के प्रतिनिधि ने सूचित किया कि प्रतिशतता में पिछले वर्ष के मुकाबले वृद्धि हुई है तथा इसमें और सुधार लाया जाएगा। वेबसाइट को पूर्ण रूप से द्विभाषी बनाने हेतु प्रयास किया जा रहा है इसके लिए पत्र जारी किये गए हैं और इस कार्य को शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने विभाग में हिंदी के रिक्त पदों को भरे जाने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि विभाग में कंठस्थ पर भी कार्यशाला का आयोजन किया गया है। प्रतिनिधि ने अवगत कराया कि हिंदी सलाहकार समिति का पुनर्गठन हो गया है तथा इसकी अगली बैठक भी जनवरी-फरवरी तक आयोजित करा लिए जाने का आश्वासन दिया।

6.30 न्याय विभाग

विभाग द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। 'क', 'ख' और 'ग' तीनों क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है। फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का प्रतिशत बहुत कम पाया गया जबकि शत-प्रतिशत कार्मिकों को हिंदी का ज्ञान प्राप्त है। मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति का गठन किया गया है हालाँकि बैठक का आयोजन नहीं किया गया है। मंत्रालय/विभाग की वेबसाइट की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि कुछ टैब्स जैसे निविदा' एवं 'भर्ती' लिंक की सूचना हिंदी में उपलब्ध नहीं है।

विभाग के प्रतिनिधि ने अपनी टिप्पणी में सूचित किया कि हम लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं तथा इसके परिणाम भी वृद्धि के रूप में देखे जा सकते हैं और इसे आगे भी जारी रखा जायेगा। प्रतिनिधि ने सूचित किया कि पदों के रिक्त होने के कारण कार्यान्वयन में समस्या होती है। उन्होंने अवगत कराया कि वेबसाइट को पूर्ण रूप से द्विभाषी बनाने हेतु प्रयास किये जा रहे हैं और इसमें भाषा का विकल्प भी दिया गया है तथा इसमें और सुधार किया जायेगा। विभाग में हिंदी सलाहकार समिति के गठन के संबंध में प्रतिनिधि ने बताया की उनके सम्बंधित मंत्रालय के अंतर्गत 3 विभाग आते हैं तथा समिति में न्याय विभाग का नाम नहीं है।

6.31 नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय

मंत्रालय द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। 'क' और 'ख' क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है वहीं 'ग' क्षेत्र हेतु निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर लिया गया है जो कि सराहनीय है। फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है। विभाग में हिंदी में कार्य करने वाले टंककों की प्रतिशतता शून्य दर्शाई गई है। मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है तथा अंतिम बैठक जनवरी में की गयी है। मंत्रालय/विभाग की वेबसाइट की समीक्षा करते यह पाया गया कि कुछ टैब्स जैसे 'सूचना का अधिकार' 'विजन-मिशन' 'निविदा' एवं 'नागरिक चार्टर' लिंक की सूचना अंग्रेजी में है।

अनिल कुमार

विभाग के प्रतिनिधि ने अपनी टिप्पणी में सूचित किया कि हम अक्षय उर्जा के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर कार्य करते हैं तथा यह एक तकनीकी मंत्रालय है फिर भी हम हिंदी में मूल कार्य करने का पूरा प्रयास कर रहे हैं। प्रतिनिधि ने अवगत कराया कि वेबसाइट को अभी-अभी लांच किया गया है तथा इसे पूर्ण रूप से द्विभाषी बनाने का प्रयास जारी है और इसमें केवल द्विभाषी सामग्री ही अपलोड करने का लक्ष्य है। प्रतिनिधि ने बताया कि हम 'कंठस्थ' के नए वर्जन को लेकर उत्साहित हैं तथा इसके प्रयोग को सुनिश्चित करेंगे हालाँकि इसका प्रशिक्षण अपेक्षित है। इसके संबंध में संयुक्त सचिव महोदया ने उन्हें एक पत्र विभाग में भेजने को कहा। विभाग में हिंदी सलाहकार समिति के गठन के संबंध में प्रतिनिधि ने बताया कि समिति का पुनर्गठन हो गया है तथा जल्द ही दूसरी बैठक का आयोजन कर लिया जायेगा।

6.32 नागर विमानन मंत्रालय

मंत्रालय की समीक्षा में पाया गया कि मंत्रालय द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। 'क' और 'ख' क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार बेहतर स्थिति में है, इनमें विगत वर्ष से वृद्धि हुई है तथा 'ग' क्षेत्र में निर्धारित लक्ष्य प्राप्त किया गया है जो कि सराहनीय है। फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य भी प्राप्त किया गया है। मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति का गठन कर लिया गया है और बैठक भी आयोजित करा ली गयी है। मंत्रालय/विभाग की वेबसाइट के कतिपय टैब्स हिंदी में नहीं है।

मंत्रालय के प्रतिनिधि ने अपनी टिप्पणी में कहा कि हम ज्यादा से ज्यादा कार्य हिंदी में करने की कोशिश कर रहे हैं और लक्ष्य प्राप्ति का पूरा प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने अवगत कराया कि उनका मंत्रालय 'कंठस्थ' का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग सुनिश्चित करेगा। वेबसाइट के संबंध में प्रतिनिधि ने अवगत कराया कि हमारे यहाँ आदेश काफी बड़े होने के कारण अपलोड करने में समस्या आ रही है जिसे जल्दी ही दूर कर लिया जायेगा तथा इसे द्विभाषी करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है । उन्होंने अवगत कराया कि उनके मंत्रालय ने अपने कार्यकलापों से सम्बंधित हिंदी शब्दावली बनाई है तथा उनके यहाँ बैठकों के कार्यवृत्त भी द्विभाषी तैयार किये जा रहे हैं वहीं प्रशिक्षण कार्यक्रमों में 90 मिनट का हिंदी से जुड़ा एक कार्यक्रम जरूर रखा जाता है। प्रतिनिधि ने मंत्रालय में पदों के रिक्त होने की सूचना भी दी। मंत्रालय के प्रतिनिधि ने सूचित किया कि उनके यहाँ हिंदी सलाहकार समिति का गठन कर लिया गया है तथा एक बैठक अगस्त, 2023 में आयोजित करा ली गयी है।

6.33 निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग

विभाग की समीक्षा में पाया गया कि राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। 'क', 'ख' और 'ग' तीनों क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है वहीं 'ग' क्षेत्र में पत्राचार को शून्य दर्शाया गया है। विभाग

द्वारा फाइलों पर हिंदी में टिप्पण की प्रतिशतता लक्ष्य के करीब है। अधिकारियों/कर्मचारियों के हिंदी ज्ञान का प्रतिशत 100 है। मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति का गठन कर लिया गया है। विभाग की वेबसाइट 'सूचना का अधिकार' लिंक की सूचना अंग्रेजी में है। 'संगठन चार्ट' लिंक की सूचना हिंदी व अंग्रेजी में है। 'भर्ती' लिंक की सूचना उपलब्ध नहीं है।

विभाग के प्रतिनिधि ने अपनी टिप्पणी में कहा कि हम स्वतः सारे कार्य हिंदी में करने की कोशिश करते हैं और लक्ष्य प्राप्ति का पूरा प्रयास किया जा रहा है। वेबसाइट के संबंध में प्रतिनिधि ने अवगत कराया कि हम वेबसाइट को सुधार रहे हैं तथा इसे द्विभाषी करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। प्रतिनिधि ने सूचित किया कि उनके यहाँ से 'ग' क्षेत्र से कोई पत्राचार नहीं होता अतः 'ग' क्षेत्र से पत्राचार शून्य दर्शाया गया है। उन्होंने 'कंठस्थ' का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता जताई। विभाग के प्रतिनिधि ने सूचित किया कि उनके यहाँ हिंदी सलाहकार समिति का गठन किया जा चुका है तथा अगली बैठक जल्द ही आयोजित करा ली जाएगी। प्रतिनिधि ने सूचित किया कि उनका विभाग अपने शब्दकोश के शब्दों को राजभाषा विभाग के साथ साझा करेगा ताकि शब्दकोश के शब्द और समृद्ध हो सकें।

6.34 नीति आयोग

आयोग की समीक्षा में पाया गया कि आयोग द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। 'क' और 'ख' क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार का निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है। वहीं 'ग' क्षेत्र में पत्राचार का लक्ष्य प्राप्त किया गया है जो कि सराहनीय है। फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है जबकि अधिकारियों/कर्मचारियों के हिंदी ज्ञान का प्रतिशत 100 है। आयोग में हिंदी सलाहकार समिति का गठन कर लिया गया है। मंत्रालय/विभाग की वेबसाइट के कुछ टैब्स हिंदी में नहीं है तथा हिंदी भाषा का विकल्प मौजूद नहीं है।

आयोग के प्रतिनिधि ने अपनी टिप्पणी में कहा कि जिस प्रकार के आंकड़े दिख रहे हैं, स्थिति उससे अलग है तथा शायद रिपोर्टिंग में चूक हुई है। प्रतिनिधि ने अवगत कराया कि उनके यहाँ हिंदी के प्रयोग को ज्यादा से ज्यादा प्रोत्साहित करने के लिए काव्य गोष्ठी, विविध संगोष्ठियों इत्यादि का आयोजन किया जाता है। वेबसाइट के संबंध में प्रतिनिधि ने अवगत कराया कि हम वेबसाइट को सुधार रहे हैं तथा इसे द्विभाषी करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने 'कंठस्थ' के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम बनाने तथा ऑनलाइन प्रशिक्षण दिए जाने का सुझाव दिया ताकि इसका ज्यादा से ज्यादा प्रयोग सुनिश्चित किया जा सके। मंत्रालय के प्रतिनिधि ने सूचित किया कि उनके यहाँ हिंदी सलाहकार समिति का गठन किया जा चुका है तथा बैठक दिसंबर, 2023 तक आयोजित करा ली जाएगी।

6.35 पंचायती राज मंत्रालय

मंत्रालय द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। लेकिन, 'क', 'ख' और 'ग' तीनों क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है तथा पत्राचार लक्ष्य से काफी पीछे है। फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है जबकि अधिकारियों/कर्मचारियों के हिंदी ज्ञान का प्रतिशत 100 है। मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति का गठन कर लिया गया है तथा बैठक का आयोजन करा लिया गया है। मंत्रालय/विभाग की वेबसाइट के कतिपय टैब्स हिंदी में नहीं है।

मंत्रालय के प्रतिनिधि ने अपनी टिप्पणी में कहा कि प्रतिशत बढ़ रहा है तथा इसमें और अधिक सुधार किया जायेगा। उन्होंने बताया कि ई-ऑफिस सबसे पहले उनके यहाँ उपयोग किया गया तथा कंठस्थ के ई- ऑफिस पर आने जाने से हिंदी के कार्य में काफी बढ़ोतरी होगी। साथ ही उन्होंने बताया कि उनके यहाँ हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ लिखावट पुरस्कार अवार्ड, पत्रिका निकालने(पंचवाणी), अंतर अनुभागीय प्रतियोगिता जैसे विविध गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं। प्रतिनिधि ने सूचित किया कि उनके यहाँ हिंदी सलाहकार समिति का पुनर्गठन कर लिया गया है तथा दूसरी बैठक इस वर्ष दिसंबर तक आयोजित करा ली जाएगी। वेबसाइट के संबंध में प्रतिनिधि ने अवगत कराया कि हम वेबसाइट में सुधार कर रहे हैं तथा जल्द ही इसे द्विभाषी कर लिया जायेगा।

6.36 पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय

मंत्रालय की समीक्षा में पाया गया कि राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। 'क' 'ख' और 'ग' क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार का निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है। हालाँकि फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त किया गया है जो कि सराहनीय है। मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति का गठन कर लिया गया है। मंत्रालय/विभाग की वेबसाइट के कतिपय टैब्स हिंदी में नहीं हैं।

मंत्रालय के प्रतिनिधि ने अपनी टिप्पणी में कहा कि पत्राचार के लक्ष्य तथा मूल कार्य हिंदी में करने के पूरे प्रयास किया जा रहा है तथा इसके लिए आतंरिक पत्रों को द्विभाषी किया जा रहा है। इसके लिए हम तेल कंपनियों को पत्र द्विभाषी ही जारी करते हैं हालाँकि ई-मेल विदेशों में भी भेजा जाता है जो अंग्रेजी में होते हैं जिसकी वजह से प्रतिशतता पर प्रभाव पड़ता है। वेबसाइट के संबंध में प्रतिनिधि ने अवगत कराया कि हम वेबसाइट में सुधार कर रहे हैं तथा इसे द्विभाषी करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने 'कंठस्थ' के लिए एक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित करने की बात भी कही। मंत्रालय के प्रतिनिधि ने सूचित किया कि उनके यहाँ हिंदी सलाहकार समिति का गठन कर लिया गया है तथा बैठक के लिए मंत्री जी के पास फाइल भेजी गयी है तथा उनसे समय प्राप्त होते ही बैठक आयोजित करा ली जाएगी।

6.37 पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय

मंत्रालय की समीक्षा में पाया गया कि मंत्रालय द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) का अनुपालन नहीं किया गया है वहीं राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। 'क' और 'ख' क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार का निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है हालाँकि पत्राचार लक्ष्य की ओर अग्रसर है। वहीं 'ग' क्षेत्र में पत्राचार का लक्ष्य प्राप्त किया गया है जो कि सराहनीय है। कार्यालय में टंककों की संख्या शून्य दर्शाई गयी है। फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है। मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति का पुनर्गठन कर लिया गया है तथा बैठक का आयोजन भी किया गया है। मंत्रालय/विभाग की वेबसाइट के कुछ टैब्स हिंदी में नहीं है।

विभाग के प्रतिनिधि ने अपनी टिप्पणी में कहा कि अनुपालन किया गया है शायद रिपोर्टिंग में कुछ समस्या होगी। वहीं टंककों की संख्या भी अद्यतित नहीं है तथा अगली तिमाहियों में इसे ठीक कर लिया जायेगा। वेबसाइट के संबंध में प्रतिनिधि ने बताया कि हमारी वेबसाइट द्विभाषी है तथा इसकी कमियों को दूर करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने 'कंठस्थ' के लिए एक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित करने का आश्वासन दिया। मंत्रालय के प्रतिनिधि ने सूचित किया कि उनके मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति का गठन किया जा चुका है तथा बैठक भी समय पर की जाती है।

6.38 पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

मंत्रालय की समीक्षा में पाया गया कि मंत्रालय द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) तथा राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। 'क' और 'ख' क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार का निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है हालाँकि पत्राचार लक्ष्य की ओर अग्रसर है। वहीं 'ग' क्षेत्र में पत्राचार का लक्ष्य प्राप्त किया गया है जो कि सराहनीय है। फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त किया गया है। मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति का पुनर्गठन कर लिया गया है। मंत्रालय/विभाग की वेबसाइट में 'निविदा' 'भर्ती लिंक, 'अन्य सूचनाएं' लिंक की सूचना हिंदी में उपलब्ध नहीं है।

मंत्रालय के प्रतिनिधि ने अपनी टिप्पणी में कहा कि प्रतिशत बढ़ाने तथा इसमें और सुधार करने की पूरी कोशिश की जा रही है। उन्होंने बताया कि हमारे यहाँ अन्य राज्यों से पत्राचार कम होता है अतः प्रतिशतता पर असर पड़ता है। प्रतिनिधि ने बताया कि वेबसाइट में सुधार किया जा रहा है तथा इसे जल्द ही पूरा कर लिया जायेगा। उन्होंने 'कंठस्थ' के लिए एक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित करने का आश्वासन दिया। मंत्रालय के प्रतिनिधि ने सूचित किया कि उनके यहाँ हिंदी सलाहकार समिति का गठन किया जा चुका है तथा बैठक भी जल्द ही आयोजित कर ली जाएगी।

6.39 परमाणु ऊर्जा विभाग

विभाग की समीक्षा में पाया गया कि विभाग द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। 'क' और 'ख' क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार का निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है। वहीं 'ग' क्षेत्र में पत्राचार का लक्ष्य प्राप्त किया गया है जो कि सराहनीय है। फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है जबकि अधिकारियों/कर्मचारियों के हिंदी ज्ञान का प्रतिशत 100 है। विभाग में टंककों की संख्या शून्य दर्शाई गयी है। मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति का पुनर्गठन कर लिया गया है तथा बैठक का आयोजन मार्च में किया गया है।

विभाग के प्रतिनिधि ने अपनी टिप्पणी में कहा कि हम लोग पूरा प्रयास कर रहे हैं कि पत्राचार का प्रतिशत बढ़े तथा इसमें और सुधार करने की पूरी कोशिश की जा रही है। हमारा कार्यालय 'ख' क्षेत्र में स्थित है जिसकी वजह से 'क' क्षेत्र से पत्राचार कम होता है। प्रतिनिधि ने अवगत कराया कि उनके यहाँ हिंदी के प्रयोग को ज्यादा से ज्यादा प्रोत्साहित करने के लिए हिंदी में स्मारिका प्रकाशित की जाती है तथा पदोन्नति में भी हिंदी में कार्य करने का क्रेडिट दिया जाता है। उन्होंने बताया की उनके यहाँ स्थित प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान में भी प्रशिक्षण के दौरान हिंदी पर विशेष ध्यान दिया जाता है। उनके यहाँ 26 अनुभागों को चिन्हित कर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। वहीं उनके यहाँ स्थित केन्द्रीय विद्यालयों में राजभाषा के कार्यान्वयन के लिए वहां के अध्यापकों की सहायता ली जा रही है। वेबसाइट के संबंध में प्रतिनिधि ने अवगत कराया कि हम मानते हैं कि वेबसाइट हमारा कमजोर पक्ष है अतः NIC से बात की जा रही है तथा इसे द्विभाषी करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने 'कंठस्थ' के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम बनाने तथा ऑनलाइन प्रशिक्षण दिए जाने का सुझाव दिया ताकि इसका ज्यादा से ज्यादा प्रयोग सुनिश्चित किया जा सके। मंत्रालय के प्रतिनिधि ने सूचित किया कि उनके यहाँ हिंदी सलाहकार समिति का गठन किया जा चुका है तथा अगली बैठक नवम्बर तक आयोजित करा ली जाएगी।

6.40 पर्यटन मंत्रालय

मंत्रालय की समीक्षा में पाया गया कि राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। 'क' 'ख' और 'ग' क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार का निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है। फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है। मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति का पुनर्गठन नहीं हुआ है।

मंत्रालय के प्रतिनिधि ने आंकड़ों में कमी पर अपनी सहमति जताई तथा बताया कि रिपोर्टिंग ठीक से नहीं हो पा रही है जो कि एक समस्या है तथा उसमें सुधार किया जा रहा है। प्रतिनिधि ने अवगत कराया

कि आतंरिक समिति की बैठकों में कम लोग आते हैं और इस संबंध में पत्र जारी किये जा रहे हैं। वेबसाइट के संबंध में उन्होंने बताया की वेबसाइट को द्विभाषी करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है तथा इसे जल्द ही कर लिया जाएगा। मंत्रालय के प्रतिनिधि ने सूचित किया कि उनके यहाँ हिंदी सलाहकार समिति काफी देर से गठित हुई है तथा मंत्री जी से समय मिलते ही अगली बैठक इस वर्ष आयोजित करा ली जाएगी। उन्होंने अपने यहाँ संयुक्त निदेशक का पद रिक्त होने की सूचना दी।

6.41 दूरसंचार विभाग

विभाग द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन नहीं किया जा रहा है। विभाग द्वारा 'क', 'ख' और 'ग' तीनों क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है तथा प्रतिशत लक्ष्य से काफी कम है। फाइलों पर हिंदी में टिप्पण की प्रतिशतता बहुत कम है जबकि लगभग शत प्रतिशत कार्मिकों को हिंदी का ज्ञान प्राप्त है। विभाग में उच्च अधिकारियों की संख्या पिछले वर्ष तक 54 थी जो इस वर्ष शून्य दर्शाई गयी है। हिंदी सलाहकार समिति की बैठक आयोजित नहीं की गयी है। मंत्रालय/विभाग की वेबसाइट पर नवीनतम अपडेट की सूचना हिंदी में उपलब्ध नहीं है।

विभाग के प्रतिनिधि ने स्वीकार किया कि आंकड़े संतोषजनक नहीं हैं हालाँकि उन्होंने कहा कि रिपोर्टिंग ठीक से नहीं हो पाने की वजह से वास्तविक आंकड़े परिलक्षित नहीं हुए हैं जिन्हें सुधार लिया जायेगा। उन्होंने बताया कि तकनीकी विभाग होने की वजह से पत्राचार का प्रतिशत नहीं बढ़ पा रहा है साथ ही, उन्होंने हिंदी पत्राचार एवं अन्य कार्यकलापों में सुधार लाने का भी आश्वासन दिया।

6.42 भूमि संसाधन विभाग

विभाग की समीक्षा में पाया गया कि विभाग द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। 'क' और 'ख' क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार की स्थिति बेहतर है तथा 'ग' क्षेत्र में निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है। फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त किया गया है जो कि सराहनीय है। मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति का गठन किया जा चुका है। मंत्रालय/विभाग की वेबसाइट के कुछ टैब्स हिंदी में नहीं है।

विभाग के प्रतिनिधि ने अपनी टिप्पणी में कहा कि पिछले वर्ष के मुकाबले आंकड़ों में सुधार हुआ है तथा हम हिंदी का प्रयोग ज्यादा से ज्यादा करने की कोशिश कर रहे हैं और लक्ष्य प्राप्ति का पूरा प्रयास किया जा रहा है। ई-ऑफिस में भी अधिकतर कार्य हिंदी में ही किये जा रहे हैं। विभाग के प्रतिनिधि ने सूचित किया कि उनके यहाँ हिंदी सलाहकार समिति का गठन किया जा चुका है तथा एक बैठक आयोजित करा ली गयी है। वेबसाइट के संबंध में प्रतिनिधि ने अवगत कराया कि इसे द्विभाषी करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है।

6.43 बायोटेक्नोलॉजी विभाग

विभाग की समीक्षा में पाया गया कि विभाग द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। 'क', और 'ख' क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार की स्थिति बेहतर है हालाँकि यह लक्ष्य से कम है तथा 'ग' क्षेत्र में निर्धारित लक्ष्य प्राप्त किया गया है जो कि सराहनीय है । विभाग में फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है जबकि शत-प्रतिशत कार्मिकों को हिन्दी का ज्ञान है। विभाग में आशुलिपिकों की संख्या शून्य बताई गयी है। विभाग में हिंदी सलाहकार समिति का गठन किया जा चुका है ।

विभाग के प्रतिनिधि ने अपनी टिप्पणी में कहा कि पिछले वर्ष के मुकाबले लक्ष्य प्राप्ति के आंकड़ों में सुधार हुआ है तथा हम इस पर और ज्यादा ध्यान देने की कोशिश करेंगे। वेबसाइट के संबंध में प्रतिनिधि ने अवगत कराया कि इसे द्विभाषी करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। विभाग के प्रतिनिधि ने सूचित किया कि उनके यहाँ कोई आशुलिपिक नहीं है। उन्होंने बताया कि उनका विभाग चूँकि तकनीकी है अतः कुछ समस्याएँ सामने आती हैं तथा इसके लिए एक शब्दकोश भी तैयार किया जा रहा है । विभाग के प्रतिनिधि ने सूचित किया कि उनके यहाँ हिंदी सलाहकार समिति का गठन किया जा चुका है तथा जुलाई में एक बैठक आयोजित करा ली गयी है ।

6.44 भारी उद्योग मंत्रालय

मंत्रालय की समीक्षा में पाया गया कि राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। 'क', और 'ख' क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार की स्थिति विगत वर्ष से काफी बेहतर है हालाँकि यह लक्ष्य से कम है तथा 'ग' क्षेत्र में निर्धारित लक्ष्य प्राप्त किया गया है जो कि सराहनीय है। विभाग में फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है जबकि शत-प्रतिशत कार्मिकों को हिन्दी का ज्ञान है। मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है तथा जून में एक बैठक आयोजित हुई है। मंत्रालय की वेबसाइट के कतिपय लिंक में दी गई सूचना हिंदी में उपलब्ध नहीं है।

विभाग के प्रतिनिधि ने बताया कि आंकड़ों में सुधार लाने के लिए सभी अनुभागों को प्रोत्साहित किया जाता है तथा इसके लिए संगोष्ठी का भी आयोजन किया जाता है। प्रतिनिधि ने बताया कि उनका विभाग चूँकि तकनीकी है अतः इसके लिए 100 तकनीकी शब्दों का एक शब्दकोश तैयार कर वेबसाइट पर डाला गया है। प्रतिनिधि ने सूचित किया कि उनका विभाग अब मंत्रालय हो चुका है अतः अब हर जगह इसका उल्लेख मंत्रालय के रूप में ही किया जाये। उन्होंने सूचित किया कि हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है और इसकी बैठकें आयोजित की गयी हैं। उन्होंने वेबसाइट से संबंधित कमियों को

अनिल कुमार

शीघ्र ही दूर करने का आश्वासन दिया गया। उन्होंने अपनी उपलब्धियों के संबंध में बताया कि उनके विभाग ने हिंदी दिवस पर 26 पुस्तकालयों का एक साथ उद्घाटन किया। उन्होंने मंत्रालय में पदों के रिक्त होने की सूचना भी प्रदान की।

संयुक्त सचिव महोदया ने प्रतिनिधि से अपनी उपलब्धियों से सम्बंधित जानकारी राजभाषा विभाग में भिजवाने का अनुरोध किया ताकि इसे सचिव महोदया के समक्ष रखा जा सके।

6.45 संस्कृति मंत्रालय

मंत्रालय में राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। विभाग द्वारा 'क' और 'ख' 'ग' तीनों क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है। मंत्रालय में फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है जबकि शत प्रतिशत कार्मिकों को हिंदी का ज्ञान प्राप्त है। मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है तथा अगस्त, 2022 में एक बैठक आयोजित की गयी है।

मंत्रालय के प्रतिनिधि ने अवगत करवाया कि हम हिंदी कार्यान्वयन में लगातार प्रगति कर रहे हैं तथा आंकड़ों में सुधार के लिए पूरे प्रयास किये जा रहे हैं। इसके लिए हर पत्र हिंदी में जारी करने का प्रयास किया जा रहा है वहीं हमारे यहाँ हिंदी के प्रचार-प्रसार पर करोड़ों की राशि खर्च की गयी है। मंत्रालय की जल्द ही 'कंठस्थ' पर एक कार्यशाला आयोजित किये जाने की योजना है। मंत्रालय में बंद हो चुकी पत्रिका को पुनः ई-पत्रिका के रूप में प्रकाशित किया जा रहा है। उन्होंने अवगत कराया कि हिंदी सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गयी है तथा उसमें एक शब्दकोश भी बनाने का निर्णय लिया गया है। प्रतिनिधि ने वेबसाइट के संबंध में अवगत कराया कि यह द्विभाषी है तथा इसमें जो भी कमियां हैं उन्हें दूर कर लिया जायेगा।

6.46 पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

मंत्रालय द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। 'क', 'ख' और 'ग' तीनों क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है। फाइलों पर हिंदी में टिप्पण की प्रतिशतता भी बहुत कम है जब कि शत प्रतिशत कार्मिकों को हिंदी का ज्ञान प्राप्त है। संगठन चार्ट, 'निविदा' 'सूचना का अधिकार' लिंक में 'सीपीआईओ' के अधिकारियों की सूची की सूचना हिंदी में उपलब्ध नहीं है। मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है तथा उसकी बैठक भी संपन्न हो चुकी है।

मंत्रालय के प्रतिनिधि ने अपनी टिप्पणी में कहा कि पिछले वर्ष के मुकाबले आंकड़ों में सुधार हुआ है तथा इसे आगे भी जारी रखा जायेगा। उन्होंने बताया कि उनके मंत्रालय के सरकारी कामकाज में टिप्पण हिंदी में करने के लिए कार्मिकों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होने कहा कि मंत्रालय की वेबसाइट बाई डिफाल्ट हिंदी में खुलती है तथा उसमें जो भी कमियां हैं उन्हें शीघ्र ही दूर कर लिया जायेगा। उन्होंने बताया कि मंत्रालय ने 'कंठस्थ' की कार्यशाला भी आयोजित की है साथ ही 'पर्यावरण' पत्रिका का प्रकाशन भी किया जा रहा है।

6.47 प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग

मंत्रालय द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। 'क', 'ख' और 'ग' तीनों क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है। फाइलों पर हिंदी में टिप्पण की प्रतिशतता भी कम है जब कि शत प्रतिशत कार्मिकों को हिंदी का ज्ञान प्राप्त है। विभाग की वेबसाइट पर 'निविदा' एवं 'भर्ती' लिंक की सूचना हिंदी में उपलब्ध नहीं है। विभाग में हिंदी सलाहकार समिति का पुनर्गठन हो गया है। मंत्रालय की वेबसाइट के कतिपय लिंक में दी गई सूचना हिंदी में नहीं है।

विभाग के प्रतिनिधि ने अपनी टिप्पणी में कहा कि आंकड़ों में सुधार के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं तथा इसे आगे भी जारी रखा जायेगा। उन्होने कहा कि मंत्रालय की वेबसाइट को द्विभाषी करने के लिए काम किया जा रहा है तथा उसमें जो भी कमियां हैं उन्हें शीघ्र ही दूर कर लिया जायेगा।

6.48 पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग

विभाग की समीक्षा में पाया गया कि राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। 'क' और 'ख' क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार की स्थिति बेहतर है तथा 'ग' क्षेत्र में निर्धारित लक्ष्य प्राप्त किया गया है। फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त किया गया है जो कि सराहनीय है। हिंदी में कार्य करने वाले टंककों की संख्या शून्य है। मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति का गठन किया गया है तथा उसकी बैठक भी संपन्न करा ली गयी है। विभाग की वेबसाइट के कुछ टैब्स हिंदी में नहीं हैं।

मंत्रालय के प्रतिनिधि ने अपनी टिप्पणी में कहा कि हमारे आंकड़े अच्छे हैं तथा इन्हें आगे भी जारी रखते हुए और बेहतर किया जायेगा। उन्होने कहा कि मंत्रालय की वेबसाइट बाई डिफाल्ट हिंदी में खुलती है तथा उसमें अभी जो भी कमियां दिख रही हैं उन्हें शीघ्र ही दूर कर लिया जायेगा। उन्होंने बताया कि उनके विभाग की नियमावली, परिपत्र, पुस्तिका इत्यादि का भी द्विभाषीकरण कर लिया गया है। हिंदी सलाहकार समिति की बैठक कर ली गयी है।

अनिल कुमार

6.49 पोत परिवहन मंत्रालय

मंत्रालय द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। 'क', 'ख' और 'ग' तीनों क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है और न ही फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है जबकि मंत्रालय में हिंदी जानने वाले कार्मिकों की प्रतिशतता 90 है। मंत्रालय की वेबसाइट के कुछ टैब्स में सूचना हिंदी में नहीं है। मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति का गठन किया गया है तथा बैठक आयोजित की जा चुकी है।

विभाग के प्रतिनिधि ने बताया कि उनके मंत्रालय में पत्राचार काफी कम है तथा इसे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। हिंदी में कार्य करने के लिए प्रोत्साहन योजनाएं भी चलाई जा रही हैं वहीं टिप्पण के लिए भी योजना चलाई जा रही है । उन्होंने बताया कि मंत्रालय की वेबसाइट को द्विभाषी बनाया जा रहा है। उनके यहाँ समिति की बैठक हो चुकी है तथा एक ई-पुस्तकालय भी खोला गया है जो पूर्णतः हिंदी में है। मंत्रालय के अधीन आने वाले विभागों को उनकी रिपोर्टों के आधार पर शील्ड देकर प्रोत्साहित किया जाता है जो हिंदी सलाहकार समिति की बैठकों के दौरान दिया जाता है। उनके यहाँ कंठस्थ की कार्यशाला भी आयोजित की गयी है। उन्होंने बताया कि तकनीकी कार्य होने के कारण समस्या आती है तथा उसे दूर करने का प्रयास किया जा रहा है ।

6.50 गृह मंत्रालय

मंत्रालय द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। 'क', 'ख' और 'ग' तीनों क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है। फाइलों पर हिंदी में टिप्पण की प्रतिशतता लक्ष्य से काफी कम है। मंत्रालय/विभाग की वेबसाइट के कुछ टैब्स में प्रदान की गयी सूचना हिंदी में नहीं है। मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है लेकिन समिति की दूसरी अपेक्षित बैठक आयोजित नहीं कराई गयी है।

मंत्रालय के प्रतिनिधि ने अपनी टिप्पणी में बताया कि मंत्रालय में हम शत-प्रतिशत कार्य हिंदी में करते हैं तथा फाइलें भी हिंदी में ही भेजी जाती हैं साथ ही वार्तालाप भी हिंदी में ही किया जाता है। पत्राचार के आंकड़ों को सुधारने का पूरा प्रयास किया जा रहा है और यह हर तिमाही में 2 से 3 प्रतिशत बढ़ भी रहा है। उन्होंने बताया कि हिंदी सलाहकार समिति की पूर्व में आयोजित की गयी बैठकों में लिए गए निर्णयों का अनुपाल किया जा रहा है जिनमें हमने 20 साल से लंबित मामले निपटाए हैं अतः अगली बैठक में समय लग रहा है। 'कंठस्थ' पर कार्यशाला आयोजित की गई है तथा इस पर कार्य करने के साथ फीडबैक भी लिया जाता है। उन्होंने सूचित किया कि वेबसाइट अधिकतम द्विभाषी है लेकिन उसका कार्यान्वयन नहीं हो पाया है तथा एनआईसी के साथ बैठक कर इसे सुधारा जा रहा है।

6.51 भारत निर्वाचन आयोग

आयोग द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। 'क', 'ख' और 'ग' तीनों क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है तथा विगत वर्ष से इसमें कमी आई है। फाइलों पर हिंदी में टिप्पण की प्रतिशतता लक्ष्य से काफी कम है। हालांकि, सभी कार्मिकों को हिंदी का ज्ञान है। आयोग में हिंदी सलाहकार समिति के गठन का कोई प्रावधान नहीं है। आयोग की वेबसाइट के कुछ टैब्स में दी गई सूचना हिंदी में नहीं है। 'सूचना का अधिकार' 'भर्ती' एवं 'नागरिक चार्टर' लिंक की सूचना हिंदी में उपलब्ध नहीं है।

प्रतिनिधि ने अपनी टिप्पणी में सूचित किया कि चुनावों के दौरान भेजे जाने वाले पत्रों का उत्तर स्थानिक भाषा में हो जाता है जिसकी वजह से प्रतिशतता नहीं बढ़ पा रही है। आंकड़ों में वृद्धि के लिए पूरे प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने अवगत कराया कि कंठस्थ की कार्यशाला आयोजित करवाई गयी है तथा पुनः एक कार्यशाला करवाए जाने की योजना है। वेबसाइट को पूर्णतः द्विभाषी करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है तथा सामग्री भी द्विभाषी रूप में जल्द ही वेबसाइट पर अपलोड करवा दी जाएगी। आयोग ने 'उमंग'पत्रिका का प्रकाशन किया है। उन्होंने बताया कि बूथ स्तर के अधिकारियों के लिए एक 'BLO' ई-पत्रिका का प्रकाशन भी किया जा रहा है, जो द्विभाषी है।

6.52 महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

मंत्रालय की समीक्षा में पाया गया कि राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। 'क' और 'ख' क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार की स्थिति बेहतर स्थिति में है तथा 'ग' क्षेत्र में निर्धारित लक्ष्य प्राप्त किया गया है जो कि सराहनीय है। फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है हालांकि, सभी कार्मिकों को हिंदी का ज्ञान है। आयोग की हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है तथा एक बैठक आयोजित की गयी है। मंत्रालय/विभाग की वेबसाइट होम पृष्ठ, 'सूचना का अधिकार' एवं 'संगठन संरचना' की सूचना हिंदी में उपलब्ध नहीं है एवं 'भर्ती' लिंक में अनुवाद हिंदी में उपलब्ध नहीं है।

मंत्रालय के प्रतिनिधि ने अवगत करवाया कि आंकड़ों में सुधार लाने के पूरे प्रयास किये जा रहे हैं। उनके मंत्रालय में जारी होने वाली पुस्तिका को भी द्विभाषी कर लिया गया है तथा उनके अंतर्गत आने वाले आंगनवाडी केन्द्रों में 26 भाषाओं का प्रयोग किया जा रहा है। वेबसाइट के संबंध में उन्होंने बताया कि वेबसाइट के द्विभाषीकरण का कार्य भी किया जा रहा है तथा इसे जल्द ही पूर्ण कर लिया जायेगा। उन्होंने आगे सूचित किया कि हिंदी सलाहकार समिति की बैठक की जा चुकी है।

6.53 युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय

मंत्रालय की समीक्षा में पाया गया कि राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) का अनुपालन किया गया है वहीं राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का उल्लंघन किया गया है। 'क' और 'ख' क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है परन्तु 'ग' क्षेत्र में लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है जो कि सराहनीय है। फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है। हालांकि, सभी कार्मिकों को हिंदी का ज्ञान है। मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है। मंत्रालय की वेबसाइट के अधिकतर लिंक में दी गई सूचना केवल अंग्रेजी में है ।

मंत्रालय के प्रतिनिधि ने बताया कि फाइलों में हिंदी में कम टिप्पण हुआ है, इसमें जल्दी ही सुधार कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि बैठक में वेबसाइट के संबंध में बताई गई कमियों को दूर कर लिया जाएगा और हिंदी सलाहकार समिति के पुनर्गठन के पश्चात बैठक का आयोजन किया जा चुका है। विभाग के प्रतिनिधि ने उनके विभाग में रिक्त पद संबंधी भरने हेतु आग्रह किया। संयुक्त सचिव, राजभाषा विभाग ने इसे संज्ञान में लिया।

6.54 रक्षा उत्पादन विभाग

विभाग की समीक्षा में पाया गया कि राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। विभाग द्वारा 'क' और 'ख' क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया । हालाँकि 'ग' क्षेत्र में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है जो कि सराहनीय है। फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है हालांकि, सभी कार्मिकों को हिंदी का ज्ञान है। मंत्रालय/विभाग की वेबसाइट के अधिकतर लिंक में दी गई सूचना केवल अंग्रेजी में है। विभाग की हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है।

विभाग के प्रतिनिधि ने बताया कि फाइलों में हिंदी में टिप्पण की कमी को जल्दी ही सुधार लिया जाएगा। विभाग के प्रतिनिधि ने बताया कि NIC से चर्चा करके वेबसाइट में भी सुधार करेंगे। हिंदी सलाहकार समिति के पुनर्गठन के पश्चात बैठक का आयोजन किया जा चुका है जिसमें निर्णय लिया गया है कि नोटिंग पर अधिक से अधिक हिन्दी टिप्पण करके प्रतिशतता को बढ़ाया जाएगा। विभाग के प्रतिनिधि ने हिंदी के रिक्त पद भरने हेतु आग्रह किया जिसे संयुक्त सचिव, राजभाषा विभाग ने संज्ञान में लिया।

6.55 रक्षा मंत्रालय

मंत्रालय की समीक्षा में पाया गया कि राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। 'क', 'ख' और 'ग' तीनों क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है और न ही फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त किया

गया है। यद्यपि, सभी कार्मिकों को हिंदी का ज्ञान है। मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है। 'कंठस्थ' के प्रशिक्षण के लिए कार्मिकों को नामित नहीं किया गया है। मंत्रालय की वेबसाइट के अधिकतर लिंक में दी गई कतिपय सामग्री केवल अंग्रेजी में है।

मंत्रालय के प्रतिनिधि ने बताया कि उनके मंत्रालय में सभी जगह हिंदी में संतोषजनक काम हो रहा है। डीआरडीओ में भी बहुत अधिक काम हिंदी में किया जाता है। उन्होंने बताया कि हिंदी सलाहकार समिति का पुनर्गठन किया जा चुका है। मंत्रालय के प्रतिनिधि ने बताया कि चूँकि उनके मंत्रालय का अधिकतर कार्य गोपनीय प्रकृति का होता है इसलिए वे कंठस्थ का प्रयोग नहीं करते है इस पर संयुक्त सचिव, राजभाषा विभाग ने बताया कि वे कंठस्थ को उनके मंत्रालय के अनुरूप संशोधित करवा सकते हैं। संयुक्त सचिव महोदया, राजभाषा विभाग ने सभी को अवगत कराया कि यदि कोई मंत्रालय/विभाग कंठस्थ संबंधी कोई प्रशिक्षण चाहता है तो हमारी राजभाषा कंठस्थ की टीम उनको प्रशिक्षण देने के लिए हर समय तत्पर है ।

6.56 रेल मंत्रालय

मंत्रालय द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। मंत्रालय द्वारा 'क' और 'ख' क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है हालांकि पत्राचार का प्रतिशत लक्ष्य के करीब है। मंत्रालय द्वारा 'ग' क्षेत्र में हिंदी पत्राचार तथा फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त किया गया है जो कि सराहनीय है। मंत्रालय की वेबसाइट पर कुछ टैब्स हिंदी में उपलब्ध नहीं हैं। मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है तथा इसकी अंतिम बैठक दिसंबर, 2022 में आयोजित की गयी थी।

मंत्रालय के प्रतिनिधि ने सूचित किया कि वेबसाइट पर भर्ती, नागरिक चार्टर, अन्य लिंक हिंदी में अपलोड किए जा चुके हैं तथा अन्य कार्यों को जल्द ही पूरा कर लिया जायेगा। सलाहकार समिति के संबंध में प्रतिनिधि ने बताया कि बैठक की फ़ाइल अभी मंत्री जी के पास है तथा उनसे अनुमोदन प्राप्ति के पश्चात जल्दी ही बैठक का आयोजन किया जाएगा।

6.57 रसायन एवं पेट्रो रसायन विभाग

विभाग द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। 'क', 'ख' और 'ग' तीनों क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है और न ही फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त किया गया है। यद्यपि, लगभग शत प्रतिशत कार्मिकों को हिंदी का ज्ञान है। मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है तथा सलाहकार समिति की बैठक मई, 2023 में आयोजित की गई है । विभाग की वेबसाइट की समीक्षा में

अनिल कुमार

पाया गया कि 'संगठन संरचना' 'निविदा' 'सूचना का अधिकार' एवं 'भर्ती' लिंक की सूचना हिंदी में उपलब्ध नहीं है।

